तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

13 भारी बारिश से महानदी ने लिया विकराल रूप



14 मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त...





## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्वनीम्॥

# जिले में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, सिकासार जलाशय से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने गरियाबंद जिले में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। नदियों और नालों में उफान आ गया है, और पैरी नदी में इस मौसम की पहली बाढ़ आई है।

बारिश के कारण कोपरा एनीकट के ऊपर से तेज बहाव हो रहा है, जिससे गरियाबंद-धमतरी मार्ग पूरी तरह डूब गया है। कोपरा और डूमरपाली के बीच एनीकट मार्ग पर पानी चढ़ जाने से दोनों जिलों का संपर्क टूट गया है। इससे हर साल की तरह इस बार भी हजारों लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। इस बारिश से धान की अर्ली किस्म की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका से किसान चिंतित हैं, क्योंकि उनमें बालियां निकल चुकी हैं। हालांकि, खरीफ की फसलों के लिए खेतों में पानी भर जाने से किसान खुश भी हैं, क्योंकि उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल गया है। स्थिति को देखते हुए, प्रशासन ने सिकासार जलाशय से 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया है। 24 सितंबर, 2025 की दोपहर 3 बजे से पानी छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अनुसार, जलाशय का जलस्तर 162.80 मीटर तक पहुंच गया है, जो इसकी कुल क्षमता का लगभग 91% है। प्रशासन ने तटवर्ती और निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों से अलर्ट रहने की अपील की है। इस भारी बारिश के बीच भी स्कूली बच्चे छाता और रेनकोट पहनकर स्कूल जाते दिखे, वहीं मजदूर और आम लोग भीगते हुए अपने काम पर निकले।

**झमाझम बारिश से पैरी नदी उफान पर**





**विडंबना : स्थानीय लोग सालों से कर रहे हैं डॉक्टर की मांग पर अब तक पोस्टिंग नहीं**

# कोपरा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, 45 हजार लोगों के लिए एक भी डॉक्टर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाली के दौर से गुजर रही है। अस्पतालों में साधन-संसाधन और डॉक्टरों की कमी ने हालात को वेंटिलेटर पर पहुंचा दिया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण नगर पंचायत कोपरा का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) है, जहां वर्षों से एक भी एमबीबीएस डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं है। ऐसा नहीं है कि डॉक्टर की पोस्टिंग करने स्थानीय लोगों ने मांग नहीं किया होगा। डॉक्टर की मांग स्थानीय लोग सालों से कर रहे हैं पर पोस्टिंग अब तक नहीं किया गया। अस्पताल में उचित इलाज समय पर नहीं मिलने से यहां आने वाले मरीज निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। नगर पंचायत कोपरा की आबादी करीब 15 हजार है और आसपास ▶▶| शेष पेज 12 पर







**गंभीर मरीज निजी अस्पताल जाने को मजबूर**

डॉक्टरों की कमी के कारण गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं के लिए तो हालात और भी खराब हैं। अस्पताल में एम्बुलेंस सुविधा नहीं है। जरुरत पड़ने पर 15 किमी दूर राजिम या 7 किमी दूर पाण्डुका से महतारी एक्सप्रेस बुलानी पड़ती है। कई बार समय पर एम्बुलेंस न पहुंच पाने से गर्भवती माताएं और उनके परिजन संकट में पड़ जाते हैं। डॉक्टर न होने के बावजूद पीएचसी स्टाफ लेप्रोसी, टीबी, अंधत्व निवारण, जननी सुरक्षा, टीकाकरण, प्रसव, गैर-संचारी रोग, बुजुर्ग स्वास्थ्य जांच, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य जांच जैसे दर्जनों कार्यक्रमों का जिम्मा निभा रहा है। कोपरा जैसे शहरी इलाके का स्वास्थ्य केंद्र यदि बिना डॉक्टर के चल रहा है, तो ग्रामीण क्षेत्रों की हालत का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सवाल यही है कि 45 हजार लोगों को आखिर डॉक्टर कब मिलेगा।

# भालू ने किसान पर हमला किया, अस्पताल में भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गुरुवार सुबह मैनपुर वन परिक्षेत्र के गोपालपुर गाँव में एक किसान पर भालू ने हमला कर दिया। किसान, जो अपने धान के खेत की ओर जा रहा था, अचानक भालू के सामने आ गया, जिसने उसके हाथ को बुरी तरह काट दिया। घटना की जानकारी मिलने पर, ग्रामीणों ने घायल किसान को तुरंत मैनपुर अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। हमला होते ही किसान जोर से चिल्लाने लगा, जिससे भालू डरकर वापस जंगल की ओर भाग गया। घायल किसान की पहचान गोपालपुर के रहने वाले धनेश (52) के रूप में हुई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव भी घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुँचे और पीड़ित को तत्काल आर्थिक सहायता दी। यह घटना एक बार फिर दर्शाती है कि वन्यजीव और इंसानों के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है।



## अंचल में दुर्गोत्सव की धूम



**राजिम।** राजिम–नवापारा शहर सहित आसपास के तमाम गांवो में इन दिनो नवरात्रि पर्व के दौरान दुर्गोत्सव की धूम मची हुई है शाम होते ही दुर्गा पंडाल में देवी मां के भक्तों की भीड़ जुट जाती है। पूजा और आरती में लोग शामिल होते है। नगर के शिवाजी चौक आमापारा में मां ब्रम्हचारिणी दरबार में मंदिर समिति के भरत लाल साहू की अगुवाई में भक्त शामिल होते है यहां 507 ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। नवापारा शहर के किसान पारा बजरंग चौक में श्री बाल आनंद परिवार द्वारा पंडाल में दुर्गा मां की मूर्ति विराजित किया गया है जहां शाम की आरती में पूरे मुहल्ले के लोग शामिल होते है। ग्राम परसदा के बाजार चौक,गायत्री चौक एवं गौरा चौक में धूमधाम से पूजा आरती में श्रद्धालुजन शामिल हो रहे है। इसी तरह ग्राम बकली, रांवड़, पसौद, परसदा जोशी, पोखरा, दुतकै या सहित समूचे ग्रामीण अंचल में शाम की आरती में लोग शामिल होते है। दुर्गा पंडाल में शानदार लाइटिंग की गई है। शाम होते ही बच्चो की भीड़ पंडाल में लग जाती है।

## खबर संक्षेप



### गिरीश देवांगन को घटारानी मंदिर आने का दिया निमंत्रण

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन से कांग्रेस नेता चेतन सिन्हा ने खरोरा में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सिन्हा ने देवांगन को नवरात्र पर्व के अवसर पर माँ घटारानी मंदिर आने का निमंत्रण दिया। इस भेंट के दौरान गिरीश देवांगन ने माँ घटारानी मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की। इसके साथ ही दोनों नेताओं के बीच सामाजिक सरोकारों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी सार्थक बातचीत हुई। गिरीश देवांगन ने चेतन सिन्हा के निमंत्रण को खुशी से स्वीकार करते हुए नवरात्र के दौरान माँ घटारानी के दर्शन के लिए आने पर सहमति जताई। इस अवसर पर भुवनेश्वर सिन्हा और लीलाराम निषाद भी मौजूद थे।

### रंगमंच का लोकार्पण समारोह आज

**रसेला।** ग्राम पंचायत कनसिघी ( मंदिर पारा ) में नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण समारोह का आयोजन 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक जनक राम ध्रुव, अध्यक्षता सरपंच भोजराज नागेश, विशिष्ट अतिथि होंगे मिलन्तीन कुंजाम जनपद सदस्य, घनश्याम चन्द्राकार उपसरपंच, सहित पंचायत के सभी पदाधिकारी गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

पेज 11 का शेष...

### कोपरा में बदहाल...

के ग्रामीण क्षेत्रों के 30 हजार से अधिक लोग इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। लेकिन पीएचसी कोपरा में डॉक्टर की कमी के चलते रूलर मेडिकल असिस्टेंट ही इलाज कर रहे हैं। डॉ. पीके बैसाख के सेवानिवृत्त होने के बाद से अब तक यहां किसी मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति नहीं हुई। दिलचस्प बात यह कि डॉ. बैसाख भी कोपरा की बजाय राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवाएं देते थे।

**100 मरीज रोज आते हैं, आरएमए कर रहे इलाज-** आरएमए रविशंकर चंद्रा ने बताया कि पीएचसी में रोज़ाना करीब 100 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां न सिर्फ कोपरा, बल्कि भेण्ड्री, पंडरीतराई, रवेली, लोहरसी, मूडतराई, जेंजरा, कापसीडीह, सुरसाबांधा, तर्रा, कुरुसकेरा के अलावा धमतरी जिले के कई गांवों से भी लोग आते हैं।

**सुविधाएं कम, सेवा भाव काबिले तारीफ-**डॉक्टर न होने के बावजूद अस्पताल की टीम ने सेवा भाव से काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्य स्तरीय कायाकल्प प्रतियोगिता में पीएचसी कोपरा 3 बार विजेता रह चुका है। अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र भी मिला है। साफ-सफाई और बेहतर सेवा के कारण इसे सेंट्रल लेवल पर भी पहचान मिली है।

# मैनपुर में छात्राओं की साइकिलें कीचड़ और पानी से पुर्जे हो रहे हैं खराब

## विभाग की लापरवाही उजागर, बारिश में खुले आसमान के नीचे पड़ीं हैं हजारों साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में 'सरस्वती साइकिल योजना' के तहत छात्राओं को दी जाने वाली हजारों साइकिलें खुले आसमान के नीचे पड़ी हैं। लगातार हो रही बारिश से ये साइकिलें और उनके पुर्जे खराब हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से ये साइकिलें कीचड़ और पानी के बीच पड़ी हुई हैं। हैरानी की बात यह है कि इसकी जानकारी होने के बावजूद स्थानीय अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। खुद विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी मैदान का निरीक्षण किया, लेकिन इसके बावजूद साइकिलों को सुरक्षित जगह पर रखने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मैदान में तैयार हो चुकी और डंप किए गए साइकिलों के पुर्जे बारिश के पानी में भीग रहे हैं। उनमें जंग लग रही है और लगाई गई ग्रीस भी धुल रही है। इन्हें ढकने के लिए कोई तिरपाल या शेड की व्यवस्था नहीं की गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह मैदान विकासखंड शिक्षा कार्यालय के ठीक सामने है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे हुए हैं। पिछले सत्र में भी छात्राओं को जंग लगी साइकिलें दी गई थीं, जिनकी मरम्मत उन्हें अपने पैसों से करवानी पड़ी थी।



### सुरक्षा की जिम्मेदारी कंपनी की

इस मामले पर गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने कहा कि साइकिलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कंपनी की है, जबकि वितरण की जिम्मेदारी हमारी है। हालांकि, सवाल यह उठता है कि जब साइकिलें अधिकारियों की देखरेख में हैं, तो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? शासन की इस महत्वपूर्ण योजना में इस तरह की लापरवाही से छात्राओं को मिलने वाले लाभ पर सवाल उठ रहे हैं।

## दहशत की जिंदगी : कहीं हाथी, कहीं भालू, कहीं तेंदुआ, कहीं जंगली सुअरों के खौफ से मचान से कर रहे फसलों की सुरक्षा

# दर्जनभर ग्रामों में हाथियों का जारी है आतंक धान व मक्के की फसल को कर रहे क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों के ग्रामीण पिछले एक पखवाड़े से जंगली हाथियों के आतंक से थर्रा उठे है हाथियों का दल मैनपुर तहसील मुख्यालय के नजदीक एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों में विचरण कर रहे है और लगातार किसानों के धान मक्का की फसलों को जहां एक ओर रौंदकर नुकसान पहुंचा रहे है। वहीं कच्चे मकानों तथा झोपड़ियों को तोड़ फोड़ रहे है। हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है। मैनपुर क्षेत्र के दबनई, लेडीबहार, छिन्दौला, कोयलीबेड़ा, फरसरा, लुठापारा, सिंहार, रामपारा आदि ग्रामों में हाथियों का आतंक से लोग डरे और सहमे हुए है। मैनपुर क्षेत्र के ग्राम जिड़ार निवासी सोमनाथ, हेमसिंह, हरिसिंह, लुठापारा के रामेश्वर, रामनाथ, लेडीबहार के पिलसाय, पुरूशोत्तम, भानुशंकर, महादेव नेताम, भरत, जोगे"वर, उधोराम, घनश्याम, हेमलाल नागेश ने बताया की हाथियों के दल ने क्षेत्र के किसानों के धान और मक्के के फसल को रौंद रहा है। गांव से जंगल लगा हुआ है और जंगल किनारे किसानों का खेत है खेतों में हाथियों का दल घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। किसान इतना डरे हुए है कि हाथियों से फसल की सुरक्षा के लिए खेत की तरफ जाना छोड़ दिए है। मैनपुर क्षेत्र के बिजली विहीन ग्रामों में हाथियों के डर से ग्रामीण रात में गांव के युवाओं का बकायदा ड्यूटी लगाया जा रहा है जो मशाल जलाकर रात रात भर रतजगा कर हाथियों से बचाव के लिए गांव के चारों तरफ पहरा दे रहे है क्योकि हाथियों के दल ने खेतों में एक दर्जन से ज्यादा लारी और झोपड़ियों का तहस नहस कर दिया है।





### किसानों ने की मुआवजा की मांग

मैनपुर क्षेत्र के ग्रामों में 50 से 60 किसानों के फसलों को हाथियों के दल ने नुकसान पहुंचाया है और लगातार नुकसान पहुंचा रहे है वन विभाग द्वारा फसल क्षतिपूर्ति के लिए खेतो का आंकलन करवाया जा रहा है किसानो का कहना है वन विभाग द्वारा प्रदान किये जा रहे है फसल क्षतिपूर्ति बेहद कम है साथ ही खेतो में बने लारियो की क्षतिपूर्ति नही दिया जा रहा है। कोयलीबेड़ा ग्राम के ग्रामीणों ने बताया उनके खेतो में ट्यूबवेल, लारी और मकानो के साथ फसलो को बुरी तरह से हाथियो ने नुकसान पहुंचाया है लेकिन अब तक कोई मुआयना करने तक नही पहुंचे है।



**दिनभर मचान में बैठकर रखवाली करने किसान मजबूर-** क्षेत्र में किसान इन दिनो बेहद गंभीर समस्या से जूझ रहे है एक तरफ धान की फसल को हाथियो के दल द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है तो दूसरी ओर भालू, तेंदुआ और जंगली सुअर तथा चूहा द्वारा मक्के की फसल को बर्बाद किया जा रहा है। फसल सुरक्षा को लेकर खेतो में किसान लकड़ी के बड़े – बड़े मचान बना चुके है लगभग 12 से 18 फीट उंचे इस मचान के उपर किसान बैठकर चारो तरफ अपने फसलो की सुरक्षा कर रहे है साथ ही मचान में बैठकर पटाखे फोड़कर बाजा भी बजा रहे है तो वही शाम होते हुए हाथियो के डर से घर लौट जा रहे है। किसानो ने बताया मचान के उपर बैठकर फसल की सुरक्षा इसलिए कर रहे है कि इससे दूर तक दिखाई देता है साथ ही हाथियो के दल को भी उपर से देखा जा सकता है।

**दो हाथियो में जमकर लड़ाई दो भाग बंटे दल-** मैनपुर क्षेत्र के लेडीबहार इलाके में आज सुबह से हाथियो की चिंघाड़ की आवाज से ग्रामीण दहल उठे गांव जाने वाले कच्ची मार्ग में दो हाथियो को लड़ते देखा गया इस दौरान उनके चिंघाड़ से पूरा जंगल दहशत और डर में गूंज उठा आसपास गांव के लोग घरो के भीतर दुबक गये और डर के मारे घर से बाहर नही निकले। जानकारी के अनुसार हाथियो के दल के दो हाथी पिछले दो दिनो से लड़ रहे थे और आज हाथियो का दल दो भाग में बट गया है एक दल दबनई नाला के उस पार और दूसरा दल लेडीबहार जंगल क्षेत्र में डेरा डाले हुए है।

**हाथी मित्र दल के सदस्यों के पास रेनकोट और जूता जैसे बुनियादी समस्या-** आज हाथी प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण के दौरान देखा गया हाथी मित्र दल के सदस्य गांव -गांव मुश्तैदी के साथ अपना कार्य कर रहे है और लोगों को सुरक्षित रखने के लिए हाथियों के आने से पहले सूचना दे रहे हैं लेकिन आपको जानकार आश्चर्य होगा कि हाथी मित्र दल के सदस्य मूलभूत बुनियादी समस्या से जूझ रहे है उनके पास न तो इस बारिश में सुरक्षा के लिहाज से रेनकोट है और न ही जूता चप्पल के सहारे जंगल के खतरनाक रास्तो से हाथियो के गतिविधियो पर नजर रखे हुए है वन विभाग को चाहिए कि हाथी मित्र दल के सदस्यो को रेनकोट और जूता सहित मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये।

**मुआवजा दिया जाएगा-** वन विभाग मैनपुर परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव ने बताया हाथियो के दल मैनपुर क्षेत्र के दबनई, फरसरा, लुठापारा जंगल क्षेत्र में विचरण कर रहे है वन विभाग लगातार हाथियो के हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए है देर रात तक वन विभाग एवं हाथी मित्र दल के सदस्य हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर लोगों को मुनादी के माध्यम से सूचना दे रहे है। उन्होने बताया की फसल क्षति का मुआवजा दिया जायेगा।

### मोबाइल छीन कर भागा और 1.93 लाख किया ट्रांसफर

**अभनपुर।** नेशनल हाईवे रायपुर रोड पर बस के इंतजार मे खड़ा नूतन तिवारी नामक व्यक्ति से तीन लोगो ने मोबाईल छीन कर सभी आरोपियो ने अपने अपने खाते मे 1 लाख 93 हजार रूपये पैसे ट्रांसफर कर लिया गया। बताया गया कि प्रार्थी शाम 7 बजे के करीब ढाबा मे खाना खाने गया था इसी दौरान आरोपियो ने मोबाइल का पासवर्ड देख लिया प्रार्थी के घर जाने के लिए बस के इंतजार मे खड़ा हुआ था इसी दौरान आरोपियो ने उसका मोबाईल छीन कर पैसा ट्रांसफर किया गया प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था इसी दौरान मुखबीर की सूचना एवं प्रार्थी द्वारा बताये गये हुलिये के अनुसार दो नाबालिक को पकडक़र थाना लाया गया घटना के संबंध मे कढ़ाई से पूछताछ करने पर आरोप स्वीकार किया। संघर्षरत बालक से 7 हजार रूपये व 5 हजार रूपये एवं 1 नग विवो कंपनी का मोबाईल विधिवत जप्त किया गया है आरोपियो ने बाकी रकम को जुआ शराब मे खर्च कर देना बताया गया है दोनों नाबालिकों को परिजनो को हिदायत देकर सुपुर्ग नामा मे दिया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बैतारी चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया। पुलिस ने आरोपी भुवनेश्वर मांझी पिता चितरू मांझी (30 साल) गिरसा थाना सरायपाली के कब्जे से कुल 7 लीटर देशी हाथ महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## मरीजों को बताया गया पोषण आहार का महत्व

# कोपरा के स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में शासन के निर्देश पर स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान पखवाड़ा का आयोजन चल रहा है। यह अभियान पिछले सप्ताह से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत प्रतिदिन अलग-अलग विषयों और थीम पर व्याख्यान आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें लोगों को बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को पोषण आहार और संतुलित खान-पान के महत्व की जानकारी दी गई।

गोरेलाल सिन्हा ने कहा कि आजकल लोगों का खान-पान काफी बदल गया है। लोग स्मार्टनेस की दौड़ में शरीर को आवश्यक पोषण देने वाले आहार को भूलकर मसालेदार और नुकसानदायक भोजन पर निर्भर हो रहे हैं। कुपोषण दर में सुधार हुआ है, लेकिन लक्ष्य इसे पूरी तरह समाप्त करना होना चाहिए।



पुरेन्द्र साहू ने कहा कि लोगों को तला-भुना बाहर का खाना छोड़कर घर का पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। घर के खाने में विविध सब्जियां शामिल कर सभी पोषक तत्वों की पूर्ति संभव है।

**तैलीय भोजन बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक-** किरण कुमार साहू ने कहा कि वर्तमान खान-पान की आदतें उच्च एवं निम्न रक्तचाप, शुगर और गैस जैसी बीमारियों को जन्म दे रही हैं। यदि लोग फिर से पारंपरिक पौष्टिक आहार की ओर लौटें तो स्वास्थ्य बेहतर रह सकता है। खिलेश्वर गोस्वामी ने कहा कि मसालेदार और तैलीय भोजन बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक है। यदि खान-पान में सुधार किया जाए तो आने वाली पीढ़ी को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. रविशंकर चंद्रा, डॉ. दौवा राम चक्रधारी, सुषमा ठाकरे, रमेश साहू, तेजन साहू, उत्तम घोघरे, दुजराम वर्मा, पूनम सिन्हा, लक्ष्मण साहनी, माहेश्वरी नांदेड़, भावेश साहू, विक्रम साहू, राहुल दिवाकर सहित स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला उपस्थित रहा।



## ग्राम रवेली में शिक्षकों की कमी पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**कोपरा।** ब्लॉक मुख्यालय फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत रवेली (लोहरसी) के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पिछले कई सालों से शिक्षकों की कमी है। इस गंभीर समस्या को लेकर बुधवार को ग्राम पंचायत, ग्राम विकास समिति, शाला प्रबंधन विकास समिति और अभिभावकों ने एक बैठक बुलाई, जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी मौजूद थे। बैठक में ग्रामीणों और अभिभावकों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बिना शिक्षकों के बच्चों का भविष्य अंधकार में है। उन्होंने कहा, /"सरकार भले ही हमें मुफ्त भोजन, कपड़े और किताबें न दे, लेकिन स्कूल में शिक्षक का न होना हमारे अधिकारों का हनन है।/" उन्होंने सरकार के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये बातें सुनने में अच्छी लगती हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और है। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के किसी भी परिवार, समाज और देश का विकास संभव नहीं है। इस बैठक का उद्देश्य सिर्फ शिक्षकों की मांग उठाना ही नहीं था, बल्कि सभी सरकारी विभागों और गाँव की समितियों के बीच आपसी संबंध को मजबूत करना भी था ताकि गाँव का बेहतर विकास हो सके। स्वास्थ्य विभाग की महिला स्वास्थ्य संयोजक चंद्रलेखा साहू और सीएचओ नेहा साहू से भी ग्रामीणों ने आग्रह किया कि उप स्वास्थ्य केंद्र को नियमित रूप से खोला जाए, ताकि ग्रामीण स्वस्थ और निरोगी रह सकें। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि शिक्षकों की मांग को लेकर जल्द ही ब्लॉक मुख्यालय जाकर अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी। इस बैठक में सरपंच प्रतिनिधि लोमस ध्रुव, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप, पूर्व सरपंच श्रवण यादव, सहित सभी समितियों के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंडालों में विराजीं मां जगदंबा


छुईहा बेलर। दुर्गोत्सव सार्वजनिक समीति गनियारी


दुर्गोत्सव सार्वजनिक समीति सिद्ध


दुर्गोत्सव सार्वजनिक समीति बस स्टैंड छुईहा


दुर्गोत्सव सार्वजनिक समीति जोगीडीपा


दुर्गोत्सव सार्वजनिक समीति पुरेना

### बारिश : लोग लक्ष्मण झूले के रास्ते से आसानी से मंदिर तक पहुंच रहे

# भारी बारिश से महानदी ने लिया विकराल रूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पिछले 16 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश और सिकासार जलाशय से छोड़े गए 50,000 क्यूसेक पानी के कारण राजिम में महानदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। नदी का यह विकराल रूप देखकर ऐसा लग रहा है मानो यह कोई विशाल समुद्र हो। इस अद्भुत और रोमांचक दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग नदी के तट पर पहुंच रहे हैं। राजिम में पैरी, सोंढुर और महानदी का संगम होता है, जिसे त्रिवेणी संगम के नाम से भी जाना जाता है। नदी के दोनों किनारों से देखने पर यह नजारा बेहद ही शानदार और विशाल लगता है। नदी के बीच में स्थित ऐतिहासिक कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर भी चारों ओर से पानी से घिरा हुआ है, लेकिन भक्तों को दर्शन में कोई परेशानी नहीं हो रही है। लोग लक्ष्मण झूले के रास्ते से आसानी से मंदिर तक पहुंच रहे हैं। राजिम में इन तीन नदियों पर तीन बड़े पुल बने हुए हैं, जिनके नाम हैं - पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल, बेलाही घाट पुल और परसवानी पुल। ये पुल गरियाबंद, धमतरी और रायपुर जिलों को आपस में जोड़ते हैं। इन पुलों पर खड़े होकर नदी के विशाल स्वरूप को देखना एक अनोखा अनुभव है। अच्छी बात यह है कि नदी में इतना पानी होने के बावजूद राजिम और नवापारा शहरों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दोनों शहरों की सुरक्षा के लिए बहुत मजबूत तटबंध और सीढ़ियां बनी हुई हैं, जिससे किसी भी तरह की जन-धन हानि का खतरा नहीं है। नदी पर बने चारों एनीकट भी पानी से पूरी तरह भरे हुए हैं और पानी उनके ऊपर से बह रहा है। हालांकि, कुलेश्वर महादेव मंदिर का चबूतरा अभी भी सुरक्षित है और बाढ़ का पानी उसके ऊपरी हिस्से तक नहीं पहुंचा है।





### बारिश से कॉलेज मैदान बना तालाब, लोगों में आक्रोश

**फिंगेश्वर।** बुधवार को हुई भारी बारिश से फिंगेश्वर नगर और आसपास के इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। खेतों और खलिहानों में पानी भर गया है, वहीं नदी-नाले भी उफान पर हैं। इसके अलावा, कई जगहों पर पानी जमा होने से मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नगर के वार्ड 13 में स्थित पशु चिकित्सालय के पास और सरकारी आवासीय कॉलोनी के मैदान में बारिश का पानी भर गया है। इससे मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का इस रास्ते से आना-जाना मुश्किल हो गया है, और कीचड़ के कारण परेशानी हो रही है। पशुपालकों को भी अपने बीमार पशुओं को इलाज के लिए लाने में दिक्कतें आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि जलभराव वाला यह रास्ता एसडीएम के घर को भी छूता है, लेकिन लोग नगर पंचायत से शिकायत करने में हिचक रहे हैं। वार्ड 12 में कॉलेज मैदान में भी पानी जमा हो गया है, जिससे वह किसी बड़े तालाब जैसा दिख रहा है। नगर पंचायत की लापरवाही से छात्रों में भारी नाराजगी है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही पानी निकासी का इंतजाम नहीं किया गया, तो वे नगर पंचायत का घेराव करेंगे और उग्र प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## जिले में रवाना हुआ साइबर रथ, नुक्कड़ नाटक और गीतों से कर रहे हैं जागरूक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय स्टेट बैंक और गरियाबंद पुलिस ने मिलकर साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक 'साइबर रथ' रवाना किया है। इस पहल का मकसद जिले के गाँवों और दूर-दराज के इलाकों में जाकर लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के तरीके सिखाना है। शुक्रवार को नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सभापति सुरेन्द्र सोनटेके, एसडीओपी निशा सिन्हा और एसबीआई शाखा प्रबंधक मनोज मिश्रा ने मिलकर इस रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीत के जरिए लोगों को सरल भाषा में साइबर सुरक्षा से जुड़े जरूरी संदेश दिए। साइबर रथ के माध्यम से लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए ये महत्वपूर्ण बातें बताई गईं की अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी भी तरह की एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचें। अपना ओटीपी (वन-टाइम पासवर्ड) किसी के साथ शेयर न करें। अपना बैंक खाता किसी को किराए पर न दें। डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई प्रक्रिया नहीं होती, ऐसे कॉल केवल धोखाधड़ी के लिए होते हैं। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। बैंक और पुलिस अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल युग में सतर्क रहना बहुत जरूरी है। यह 'साइबर रथ' पूरे जिले का दौरा कर नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में सिखाएगा।

## मां जतमई धाम में 5 सौ ज्योति दीप प्रज्ज्वलित कर सुख-शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




मां जतमई धाम परिसर में क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिए 500 ज्योति दीपों का भव्य अनुष्ठान किया गया। इस धार्मिक आयोजन से पूरा वातावरण आस्था और श्रद्धा से जगमगा उठा। हर साल की तरह इस बार भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से माता के दर्शन के लिए यहाँ पहुँचे।

जतमई धाम में माता के दर्शन के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य भी भक्तों को खूब लुभाता है। यहाँ के पहाड़, झरने, नदी और हरियाली का मनमोहक दृश्य देखकर श्रद्धालु आध्यात्मिक शांति और आनंद महसूस करते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से पूरा प्रांगण माता के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत संचालन समिति जतमईगढ़धाम, कोसमपानी, गायडबरी द्वारा एक भव्य भोग और भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सामूहिक धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। इस सफल आयोजन के पीछे ग्राम पंचायत संचालन समिति के सदस्यों का अहम योगदान रहा। समिति में गायडबरी के सरपंच करण कुमार ध्रुव (अध्यक्ष), गाड़ाघाट के सरपंच कमलेश बाई (सचिव), तौरेंगा के सरपंच भूपेंद्र कुमार ध्रुव (कोषाध्यक्ष), और मड़ेली, पीपरछेड़ी, रजनकटा, कुरुद के सरपंच सदस्य के रूप में शामिल थे। श्रद्धालुओं ने समिति के इस प्रयास की सराहना की और इसे आस्था और संस्कृति का संगम बताया।

### खबर संक्षेप

#### हैंडबॉल में इंसा फातिमा ने जीता रजत पदक

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल की छात्रा इंसा फातिमा पिता सैय्यद इमरान अली ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा में रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

इंसा फातिमा 14 वर्ष अंडर बालिका वर्ग जगदलपुर में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में पूरे शौर्य, आक्रामकता से खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। इंसा के अथक परिश्रम से रजत पदक हासिल हुआ। इस उपलब्धि से परिवार जन पिता सैय्यद इमरान अली, माता रूबीना कौसर, संस्था के शिक्षण समिति मेंबर, समस्त शिक्षकगण हर्षित हुए।

## फिंगेश्वर में राजा दशहरा 5 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इस साल फिंगेश्वर में 'राजा दशहरा महोत्सव' का आयोजन 5 अक्टूबर, रविवार को होगा। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन मंदिर ट्रस्ट कमेटी फिंगेश्वर द्वारा किया जा रहा है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। महोत्सव के लिए राजमहल रोड से लेकर पुराने बस स्टैंड तक विभिन्न दुकानें लगाई जाएंगी, जिससे मेले जैसा माहौल बनेगा। दिन में, राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह और उनके परिवार द्वारा राजमहल के देवघर और अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। रात में, महोत्सव का मुख्य आकर्षण शुरू होगा। नागरिक राजा नीलेंद्र बहादुर सिंह को सुपारी भेंट करेंगे,



जिसके बाद उनकी भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा आतिशबाजी के साथ समाप्त होगी, जो इस महोत्सव का मुख्य समापन कार्यक्रम होगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

## 45 साल बाद फिर मंच पर दिखेंगे पुराने कलाकार, भव्य दशहरा उत्सव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम रसेला की ऐतिहासिक पारंपरिक दशहरा उत्सव का आयोजन कई वर्षों से किया जा रहा है, जिस समय इस क्षेत्र में सड़क, बिजली,टीवी, मोबाइल जैसे मनोरंजन के साधन नहीं थे। विजयदशमी का पर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसके लिए पहले से रामलीला की तैयारियां गणेश पक्ष से शुभारंभ हो गया है। मालूम हो कि इस बार ऐसे कलाकार हैं कि वो 45 साल से पाठ करना छोड़ दिया था, वो कलाकार फिर से इस बार 2 अक्टूबर विजयदशमी के दिन रसेला के मैदान में रात्रिकालीन 8 बजे अपने अपने कलाकारी दिखाएंगे। विजयदशमी के दिन शाम को गांव के देवी-देवता को बाजे गाजे के साथ ही भगवान राम,लक्ष्मण, हनुमान, विभीषण सहित वानर सेना के साथ चंडी माता के विधिवत पूजा अर्चना कर मैदान में रामलीला का मंचन किया जाएगा। जिसमें राम - रावण संवाद,अक्षय कुमार, कुंभकर्ण, मेघनाथ सहित प्रसंगों का मैदान में मंचन किया जाएगा। जिसमें भगवान राम की अभिनय बिग्रेद्र ठाकुर, लक्ष्मण कार्तिक यादव, विभीषण के रोल निभाएंगे निषाद राज वेदव्यास जिसका उम्र है 62 वर्ष और हनुमान की पार्ट देवलाल निषाद, सुग्रीव की भूमिका में पुरोहित यादव अभिनय करेंगे। रसेला में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 35 फीट का रावण पुतला दहन किया जाएगा। लंकापति रावण हूं यह सुनकर एवं देखकर लोगों में झजझक उत्पन्न हो जाता है। विजयदशमी के दिन मैदान में अक्षय, कुंभकर्ण,लक्ष्मण मेघनाथ का तगड़ा संवाद होता है। इस बार लंकापति रावण का अभिनय में आएंगे नंदकिशोर यादव, वहीं कुंभकर्ण के रोल केशव यादव, मेघनाथ हबीब खान,अक्षय चम्पेश्वर निषाद, मंत्री के पाठ करेंगे लंबू नाम से मशहूर देवलाल यादव, दूत के रोल निभा रहे हैं जाने माने कमेटी कलाकार संतराम नेताम, सहयोगी कलाकार के रूप में रामायण ठाकुर,अशवत सेन, लोकराम ध्रुव, वहीं इन्द्रलोक की अप्सरा की भूमिका धनीराम यादव,छबीलाल ठाकुर रावण की दरबार में अभिनय करेंगे। सभी कलाकारों के लिए शहर से आवश्यक सामान आर्डर किया गया है। रावण दहन के पश्चात रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हनुमान मंदिर रंगमंच में किया जाएगा।

### कोसमबुडा एकलव्य विद्यालय में किया गया पौधा रोपण

# सफलता के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति ज़रूरी : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कोसमबुडा के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा और आदि सभा पर्व के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम नामक एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और समाज में जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ने किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति लेखराज ध्रुवा, वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, और भाजपा मंडल छुरा के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न शैक्षणिक और वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन कर उनकी सराहना की।





### विकसित भारत के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम

दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथियों का हरित स्वागत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संगीत शिक्षिका निशु के नेतृत्व में छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और आदिवासी लोक वाद्य बजाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक और खेलकूद उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र में विद्यालय का लक्ष्य नीट और जेई जैसी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देना है। विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा पखवाड़ा और आदि सभा पर्व जैसे आयोजन वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी काम में सफलता पाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति सबसे ज़रूरी होती है। उन्होंने छात्रों को जीवन में हमेशा आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ शिक्षक मयंक यादव के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। मंच का संचालन शिक्षक सुधांशु ने किया। इस दौरान विद्यालय परिवार, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पं. दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई जयंती

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मजयंती पर गुरूवार को नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड में पंडित जी के आदमकद प्रतिमा पर भाजपा मंडल द्वारा माल्यार्पण कर जन्मजयंती मनाया गया। साथ ही वार्ड क्र 4 में पंडित जी के मूर्ति पर भी माल्यर्पण किया गया। इसके साथ ही सेवा पखवाड़ा के तहत हरिहर हाई स्कूल की साफ-सफाई किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल, परदेशी राम साहू, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, वरिष्ठ नेता मयाराम साहू, मुकुंद मेश्राम, दयालुराम गाड़ा, कैलाश तिवारी, पारसमणी साहू, राजू रजक, दिनेश टण्डन, लीलाराम निषाद, साधना सौरज, धनमती साहू, तनु मिश्रा, किरण सोनी, गीता राजपूत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### निमोरा में स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**अभनपुर।** ठाकुर प्यारे लाल राज्य ग्रामीण एवं विकास संस्थान निमोरा में 25 सितम्बर को प्रोजेक्ट छाव के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत एक दिन,एक घंटा,एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ,पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, स्वच्छ भारत मिशन,मिशन संचालक श्री कुमार विश्वरंजन, अश्वनी देवांगन,जिपं.सीईओ अरुण कुमार साहू,जप अभनपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे। श्रीमती निहारिका बारिक ने रायपुर जिला प्रशासन द्वारा संचालित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य और स्वच्छता को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि सहित एसआईआरडी निमोरा के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छताग्राही दीदी, बिहान समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

### तामासिवनी के स्वास्थ्य शिविर में आहार की जानकारी दी गई

**अभनपुर।** उच्च शिक्षा संचालनालय के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में नवीन शासकीय महाविद्यालय तामासिवनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) भिलाई, आरंग, रायपुर (छ.ग.) की स्वास्थ्य टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। स्वास्थ्य परीक्षण कार्य डॉ. इंदु वशिष्ठ, डॉ. राजेश गर्ग एवं श्री अभिषेक मेजर (सीएचएम) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। टीम ने महाविद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तामासिवनी के छात्र-छात्राओं की जांच कर उन्हें संतुलित आहार, व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु जागरूक किया। शिविर में विशेष रूप से उपस्थित जिला रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष दीपक बैस, अध्यक्ष जनभागीदारी विवेक तिवारी एवं सांसद प्रतिनिधि निर्मल साहू ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के महत्व पर मार्गदर्शन दिया और सीआरपीएफ टीम के इस योगदान की सराहना की।






## समस्या : धान की आली वैरायटी की फसल गिरने से किसानों को भारी नुकसान

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, फसलों व घरों को नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल में लगातार हो रही तेज बारिश ने पूरे क्षेत्र को जलमग्न कर दिया है। जहां एक ओर यह बारिश कुछ फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है, वहीं कई जगहों पर इसने भारी नुकसान भी पहुंचाया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र की वजह से लगातार हो रही बारिश ने रसेला के जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। गांव-गांव में चल रहे दुर्गा पूजा के आयोजन में भी खलल पड़ा है।

### हादसे और जलभराव की स्थिति



रसेला से छुरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित टेंगनाबासा के रपटे पर एक दुखद हादसा हुआ। फुलबाहारा के एक युवक अपनी परिचित की बाइक से मुर्गा लेकर लौट रहे थे, तभी बाइक पानी के तेज बहाव में बह गई। ग्रामीणों की मदद से युवक को तो सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन बाइक का अभी तक कोई पता नहीं चला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के बावजूद लोग खतरा मोल लेकर पुल-पुलिया पार करते हैं। लगातार बारिश के कारण रसेला से रायपुर चलने वाली बसें भी बुधवार को नहीं आ सकीं। साथ ही, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव स्थलों पर भी पानी भर जाने से अव्यवस्था फैल गई है। इस बारिश ने कहीं खुशी का माहौल दिया है तो कहीं लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

खेतों में खड़ी धान की अर्ली वैरायटी की फसलें गिर गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। तेज हवाओं के कारण जो फसलें पकने के लिए तैयार थीं, वे भी ज़मीन पर लेट गई हैं। इस बारिश से कई मकान भी ढह गए हैं। रसेला में अनीता (पत्नी अलमत ठाकुर), बिसाहू (पिता चमाराय ठाकुर), और देवसिंह (पिता बरातु मरकाम) के घर गिर गए हैं। पुल-पुलिया पानी में डूब गए हैं, जिससे लोग जान जोखिम में डालकर नदी-नाले पार करने को मजबूर हैं।



## स्वस्थ्य महिला ही परिवार व समाज को सशक्त बना सकती है : जानकी पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूवात सेवा संकल्प,नारी आयोग्य उत्सव,स्वस्थ विद्यार्थी सशक्त भविष्य, स्वस्थ्य किशोरी सशक्त भविष्य, स्वास्थ्य पर्व,मिलकर चले, मिलकर बदले, स्वस्थ्य नारी सुरक्षित परिवार, जैसे विषयों पर सेमिनार आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद जानकी पटेल पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमओ डॉ. वीरेंद्र हिरौदिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर पार्षद जानकी पटेल ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया, यह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य महिलाओं किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देना है। यह अभियान देश भर में आयोजित किए जाने वाले लाखों स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं के लिए व्यापक, स्वास्थ्य जांच उपचार और परामर्श प्रदान करता है, इसका मूल संदेश है की एक स्वस्थ महिला ही परिवार और समाज को सशक्त बना सकती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष बीएमओ वीरेंद्र हिरौदिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य व्यापक स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य परामर्श और जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, बढ़ाना है, ताकि आम लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक मिल सके।



जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर के गणमान्य नागरिकों और पार्षदों को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, वह बहुत ही सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम का संचालन योगेश पराणा ने किया। आभार शेषराव भोजने ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के सौरभ विरवानी, वंदना साहू, अनिता राय, मंजू वर्मा, आरती श्रीवास, रामेश्वरी साहू, अचला गुप्ता, दयावती पटेल, यशोदा देवांगन, रुबीना परवीन, रत्ना निषाद सहित अनेको लोग मौजूद थे।

## फिंगेश्वर नगर साहू संघ का चुनाव हुआ, उमाशंकर साहू बने अध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ और जिला साहू संघ के निर्देशों के अनुसार, तहसील साहू संघ राजिम के नेतृत्व में फिंगेश्वर नगर साहू संघ का चुनाव साहू छात्रावास भवन में संपन्न हुआ। इस चुनाव में नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस चुनाव में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों को चुना गया। अध्यक्ष उमाशंकर साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, महिला उपाध्यक्ष जामुन बाई साहू, संगठन सचिव हुलस राम साहू, संगठन सचिव रेणु साहू सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारी रामजी साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ राजिम) ने निर्वाचन पत्र देकर सम्मानित किया।

वनिर्वाचित अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने अपने संबोधन में समाज के वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने समाज को और अधिक संगठित करने और सभी लोगों को साथ लेकर चलने का संकल्प लिया। तहसील अध्यक्ष रामजी साहू ने भी कहा कि समाज के हर वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना बहुत ज़रूरी है। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी पवन साहू (उपाध्यक्ष, तहसील साहू संघ राजिम), घनश्याम साहू (सचिव, तहसील राजिम), हरिराम साहू और विष्णु साहू समेत कई वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और सदस्य मौजूद थे।

## श्री कुलेश्वर महादेव कॉलेज में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक जैसे गतिविधियों पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, भाषण, कविता-पाठ, सुलेख एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने हिन्दी की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। हिन्दी विभाग के प्राध्यापक टिकेश्वर मरकाम ने कहा कि हिन्दी हमारी आत्मा की भाषा है, जिसने भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोया है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे हिन्दी भाषा के अध्ययन और प्रयोग में गर्व का अनुभव करें तथा इसे आधुनिक तकनीक और वैश्विक मंच पर भी प्रतिष्ठा दिलाएँ। डॉ. अनिता साहा ने कहा कि हिन्दी केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, साहित्य तथा संवेदनाओं की धड़कन है। हिन्दी भाषा में ज्ञान का अथाह भंडार छिपा है, अतः हमें अपने जीवन और व्यवहार में अधिक से अधिक स्थान देना चाहिए। डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान है। नई पीढ़ी को चाहिए कि हिन्दी के प्रयोग को व्यवहार, शिक्षा, शोध और तकनीक के क्षेत्र में बढ़ावा दे। जब तक हम अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेंगे, तब तक किसी भी राष्ट्र की सशक्त पहचान संभव नहीं है। कॉलेज के पूर्व छात्र नागेंद्र निषाद भी अतिथि के रूप में मौजूद थे उन्होने इस अवसर पर विद्यार्थियों को हिन्दी भाषा के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि हिन्दी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि सम्पर्क और संस्कृति की भाषा है। यह भारतीय एकता और राष्ट्रीय पहचान की सशक्त धुरी है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कुछ विद्यार्थियों ने ओजस्वी भाषण प्रस्तुत कर हिन्दी की महत्ता और उसकी वैश्विक उपयोगिता को रेखांकित किया। कुछेक ने भावपूर्ण कविता पाठ कर हिन्दी भाषा की सौंदर्य-समृद्धि और उसकी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत कर दिया। ऐसे प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक एस. आर. वड्डे, डॉ. प्रेमेंद्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, डॉ. अनिता साहा, रमेश लहरे, श्वेता मिश्रा, सरस्वती बेरवंशी, पुरुषोत्तम काबरा, पीयूषकांत भारद्वाज, मोनिका साहू, नंदनी साहू, पुष्पलता कँवर ,साक्षी मेश्राम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

■ हिन्दी केवल राजभाषा ही नहीं, बल्कि सम्पर्क और संस्कृति की भाषा है : नागेंद्र निषाद

## जतमई धाम में चला सफाई-जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत गायडबरी (जतमई धाम) में स्वच्छता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण, अधिकारी और जनप्रतिनिधि सभी ने मिलकर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता श्रमदान से हुई, जिसमें सभी ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। इसका मकसद लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। श्रमदान के बाद, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा रोपण भी किया गया। उपस्थित लोगों ने न सिर्फ पौधे लगाए, बल्कि उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया। इसके बाद, सभी ने मिलकर स्वच्छता की



शपथ ली, जिसमें गांव और आसपास के इलाकों को साफ और प्रदूषण मुक्त बनाने का वादा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके ध्रुव सहित जनपद सदस्य महेंद्र कुमार और सुभाष निर्मलकर भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने भाषण में जोर देकर कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन का काम नहीं है, बल्कि इसे अपनी रोज़मर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छ वातावरण से स्वास्थ्य बेहतर होता है, पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और ग्रामीण विकास भी होता है। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने इस अभियान को गांव-गांव में एक जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गायडबरी, तौरेंगा, गाड़ाघाट, रजनकटा और कुरुद के सरपंच, सचिव, स्वच्छग्राही और जतमई धाम सेवा समिति के सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आखिर में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## पंडित उपाध्याय की मनाई गई जयंती



**राजिम।** भाजपा मंडल राजिम शक्तिकेंद्र के बूथ क्रमांक 101 नवाडीह में जनसंघ के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, महामंत्री जितेन्द्र पेंदरिया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, युवराज साहू, सभापति आकाश सिंह राजपूत, पुरन यादव, बूथ अध्यक्ष राजेश धीवर, लिकेश्वर साहू, गोविंदा पाल, बादल साहू, शांति साहू, नोमिका साहू, शिव साहू, चिंताराम साहू, दीपक देवांगन, लालजी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। इस अवसर पर महेश यादव एवं रिकेश साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर शीतला मंदिर में तालाब किनारे पौधारोपण किया।

## कचना घुरवा कॉलेज में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के कचना घुरवा महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी आरआर कुर्रे के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना था। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीके साहू, महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य तेजस्वी यदु और प्राध्यापक तरुण निर्मलकर, निर्मला यादव, आरती साहू, पीके यादव ने किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, भारत माता और मां शारदे के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्रेरणादायक गीत



और नारे प्रस्तुत किए और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम अधिकारी कुर्रे ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत 24 सितंबर, 1969 को महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर हुई थी। इसका मकसद छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना और उन्हें समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। प्राचार्य डॉ. दिनेश साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और सामाजिक गतिविधियों को जानने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को स्थापना दिवस की बधाई दी। मंच का संचालन पूर्व स्वयंसेवक और सहायक प्राध्यापक विनोद यादव ने किया। उन्होंने कविता और गीतों के माध्यम से माहौल को जीवंत बनाया और नए छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वर्तमान छात्रों के साथ-साथ कई पूर्व स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।





